प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.........................

- राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राजस्थान के लिए 30 हजार करोड़ रूपये की 9 सड़क परियोजनाओं की घोषणा–समिट के अंतिम दिन आज एमएसएमई कॉन्क्लेव।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान करेंगी।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज जयपुर दौरे पर–कौशल विकास केन्द्र का उद्‌घाटन करेंगे।
- **स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2024** का ग्रांड फिनाले आज से–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवाचारकर्ताओं से वर्चुअल बातचीत करेंगे।

.........................

जयपुर में चल रही राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तीसरे और अंतिम दिन आज एमएसएमई कॉन्क्लेव रखी गई है। राज्य की एमएसएमई ईकाईयों को साझा मंच देने और बाजार के रूझान के मुताबिक बढोतरी के अवसर प्रदान करने के उद्‌देश्य से इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कॉन्क्लेव में शामिल होंगे। वहीं समिट में कल विभिन्न सत्र और कन्ट्रीसेशन और प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव हुआ। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने इफ्रास्ट्रक्चर पर हुए सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान के लिए तीस हजार करोड़ रूपये की लागत की 800 किलोमीटर लम्बी 9 सड़क परियोजनाओं की घोषणा की। इनमें साढे 6 हजार करोड़ की लागत से उत्तरी जयपुर रिंग रोड़ और 6 हजार 800 करोड रूपये की लागत से कोटपूतली से आगरा ग्रीनफील्ड हाईवे शामिल है। इसके अलावा जयपुर से किशनगढ, जोधपुर से अमृतसर ग्रीनफील्ड हाईवे पाली में रायपुर से जस्सा खेडा तक एलीवेटेड रोड़, नागौर से नेत्रा तक सड़क, सीकर–लक्ष्मीणगढ–फतेहपुर में बाईपास, झुंझुनूं–चिडावा–सिंघना–पचेरी में सडक निर्माण तथा अन्य विकास कार्य होंगे। सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पहली बार 2 हजार 750 किलोमीटर लम्बे 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे है। एग्री बिजनेस पर हुए सत्र में केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय राजस्थान में पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत 3 लाख 41 हजार से ज्यादा आवासों का निर्माण करेगा। इस पर करीब 4 हजार 99 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे। शिक्षा पर हुए सत्र को उप मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री प्रेम चन्द्र बैरवा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई तकनीकी और व्यवसायिक कोर्स शुरू किए गए है। इसके साथ ही नये शिक्षा संस्थानों की स्थापना की प्रकिया को आसान बनाया गया है। समिट में डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन पर भी सत्र हुआ। इसमें स्टार्टअप से जुडे अग्रणी उद्यमियों और नवाचारकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सत्र में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड ने राज्य में स्टार्टअप इको सिस्टम पर चर्चा की।

समिट के डेलीगेट्स और देशी विदेशी मेहमानों के लिए कल पधारों म्हारे देश थीम पर सांस्कृतिक संध्या रखी गई।

.........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज  राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान करेंगी। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में होने वाले इस समारोह में शासन और सामुदायिक विकास में विभिन्न श्रेणियों में 45 व्यक्तियों को ये पुरस्कार दिये जायेंगे। समारोह के दौरान पंचायती राज मंत्री पुरस्कार विजेता पंचायतों के नवाचारों और प्रभावी कार्य प्रणालियों पर पुस्तिका का भी विमोचन करेंगे। मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य अन्य पंचायतों को बेहतर कार्य प्रणालियां अपनाने के लिए प्रेरित करना और ग्रामीण भारत के समग्र विकास में योगदान देना है।

........................

राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों के मंहगाई भत्ते में बढोतरी के निर्णय के प्रस्ताव का उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी ने अनुमोदन कर दिया है। पांचवे और छठे वेतनमान के तहत इस वृद्धि का निर्णय किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इस फैसले से पांचवे वेतनमान में मंहगाई भत्ता 443 प्रतिशत से बढकर 455 और छठे वेतनमान में 239 से बढकर 246 फीसदी हो गया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से सेवारत और सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों को लाभ होगा।

........................

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के विशेष दल ने कल झुंझुनूं में खेतडी के उपखण्ड अधिकारी को 2 लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरडा ने बताया कि परिवादी से जमीन विवाद में अदालत की ओर से उसके पक्ष में दी गई डिक्री की पालना करवाने की एवज में आरोपी ने ये राशि मांगी थी। उपखण्ड अधिकारी ने पहले 20 बीघा जमीन अपने नाम करवाने की मांग की थी। परिवादी द्वारा मना करने पर उनसे लगातार रिश्वत की राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा था।

........................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज एक दिवसीय दौरे पर जयपुर आयेंगे। उनका जयपुर में एक कौशल विकास केन्द्र के उद्घाटन का कार्यक्रम है। ये केन्द्र लघु उद्योग भारती की ओर से स्थापित किया गया है। इसमें उद्यमिता विकास, फैशन डिजाइनिंग, ब्लॉक प्रिन्टिंग सहित अन्य कई विद्याओं का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2024 के फाइनल में युवा नवाचारियों से बातचीत करेंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान देश के 51 केन्द्रों में आयोजित इस सातवें हैकेथॉन के ग्रैंड फिनाले का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। इसमें एक हजार 300 से अधिक टीमें भाग ले रही है। स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन रोजमर्रा के जीवन में आने वाली प्रमुख समस्याओं के समाधान का मंच उपलब्ध कराने की राष्ट्रव्यापी पहल है। इसके माध्यम से चुनौतियों के नवाचारी समाधान की क्षमता विकसित होती है। शिक्षा मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नवाचार, उद्यमिता और रचनात्मकता को बढावा देने के लिए एक साथ 51 केन्द्रों पर हैकेथॉन का आयोजन कर रही है। जयपुर का मणिपाल विश्वविद्यालय भी स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन के 51 केन्द्रों में शामिल है। केन्द्र के नोडल अधिकारी दिनेश कुमार सैनी ने बताया कि यहां हार्डवेयर आधारित हैकेथॉन में 156 प्रतिभागी और विभिन्न संस्थानों के 35 मेंटर हिस्सा ले रहे है।

........................

वर्तमान सरकार के कार्यकाल की पहली वर्षगांठ के अवसर पर कल से 15 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जोधपुर में कल मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन होगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर इसकी शुरूआत करेंगे। वहीं 13 दिसम्बर को अजमेर में किसान सम्मेलन रखा गया है। पहली वर्षगांठ के अवसर पर सरकार की ओर से बालिकाओं और महिलाओं को भी विभिन्न सौगाते दी जायेंगी।

........................

प्रदेश में सर्द हवाओं ने ठण्ड का असर तेज कर दिया है। इससे गलन और ठिठुरन का एहसास बढ गया है। धौलपुर, पाली, जैसलमेर, बारां, कोटा, करौली और माउंटआबू सहित कई स्थानों पर

शीतलहर का असर देखा जा रहा है। सीकर के फतेहपुर शेखावाटी में पहली बार आज पारा माईनस एक डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि कड़ाके की सर्दी से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही हैं।

........................

सरहदी जिले जैसलमेर में भी शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कड़के की सर्दी और कोहरे के बावजूद सुरक्षा प्रहरी 24 घंटे सीमाओं की रक्षा में जुटे है। मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले दो दिनों तक कई स्थानों पर शीतलहर का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।

........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 दिसम्बर को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार रखेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।

........................